<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अटल युवा महाकुंभ और अटल स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊवासियों को दी छः सौ बासठ करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं की सौगात। कहा– अटल जी का जीवन पूरे देश के लिए रहा प्रेरणा का स्रोत।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश के ग्रामीण विकास के लिये पांच सौ अट्ठानबे करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि की जारी। पन्द्रहवें वित्त आयोग के तहत मिला अनुदान।
- श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में आज मनाया जा रहा है क्रिसमस का पर्व।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज देश भर में मनाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, समाजिक और शैक्षणिक संगठनों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर के उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कल लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अटल युवा महाकुम्भ का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन पूरे देश के लिये प्रेरणा का स्रोत रहा है।

***अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कर्तृत्व से मैं समझता हूँ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों के बहुत सारे लोग अच्छी तरह से परिचित है। हम लोग जानते हैं की जहाँ पर वो एक विलक्षण प्रतिभा थी वहीं पर एक अद्भुत सरलता उनके व्यक्तित्व में स्वाभाविक रूप से हम सबको देखने को मिलती थी।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुम्भ भारत की पहचान है।

***हम सब जानते हैं कुंभ भारत की पहचान है भारत की स्नातक है। आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है और उस महासमागम का एक दृश्य जो हमें तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी में प्रयागराज की धरती में देखने को मिलेगा उसकी एक झांकी आज यहाँ पर प्रशासन के साथ मिलकर के यहाँ के लोकप्रिय जनप्रतिनिधियों ने माननीय रक्षा मंत्री जी के सामने दिया है।***

इसी के साथ ही कल लखनऊ में दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का भी उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर लखनऊ वासियों को छह सौ बासठ करोड़ रुपये की लागत से एक सौ इक्यासी परियोजनाओं की सौगात भी दी गई। रक्षा मंत्री ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक योजनाएं शुरू कीं।

***स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए पर अटल बिहारी वाजपेयी जी के शासन काल में स्वास्थ्य मेलाओं का जो सिलसिला प्रारंभ हुआ है। सतत स्वास्थ्य मेलाओं का यह सिलसिला अब भी चल रहा है और स्थान स्थान पर राज्य सरकारें अपने सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था।

***एक ओर भारतवासी के मन में बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के सपने का भारत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य की है।***

उधर, बाबा साहेब आंबेडकर मामले को लेकर बसपा अध्यक्ष मायावती के आह्वान पर बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में प्रदर्शन किया।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कल शाहजहांपुर जिले का दौरा किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाए।

**********

महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्रयागराज के साथ–साथ अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, मिर्जापुर और लखनऊ में भी बड़ी संख्या में आ सकते है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन स्थानों पर भी मूलभूत सुविधाएं विकसित किए जाने के निर्देश दिए हैं। नगर विकास विभाग के द्वारा इन सभी धार्मिक स्थलों के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है।

**********

केन्द्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में ग्रामीण विकास के लिए दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लिए एक हजार 598 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। इस राशि का उपयोग पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा स्थान विशेष की जरूरतों के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ग्रामीण स्थानीय शासन के परिदृश्य को बदलने के लिए पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को सीधे अनुदान प्रदान कर रही है।

**********

प्रदेश और पूरी दुनिया में आज क्रिसमस का पर्व धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन पर आज प्रदेश भर में गिरजा घरों को आकर्षक ढंग से सजाया, संवारा गया है। गिरजा घरों में आज विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किये गये हैं। विभिन्न स्थानों पर कैरोल गायन के कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। कई जिलों में, कई स्थानों पर क्रिसमस मेलों के भी आयोजन किये गये हैं।

**********

लखनऊ स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय में कल किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भाग लिया। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

***राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने इलाके के लगभग चौदह सौ किसानों को बुलाकर और जो उसमें बहुत अच्छा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग हैं उनको सम्मानित किया गया है। बहुत ही बेहतरीन काम जो एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट है इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का वो कर रहा है। आज के दिन सभी लोग चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर किसानों को कैसे आगे बढ़ना है और देश को और प्रदेश को कैसे आगे बढ़ाना है। इसके बारे में काफी विस्तार से चर्चा हुई और ये एक बहुत ही सराहनीय कार्य है यूनिवर्सिटी का है।***

**********

भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक संदेश के माध्यम से महामना को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा है कि महामना जी सच्चे अर्थों में राष्ट्र के आराधक थे, उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर के आधुनिक शिक्षा पद्धति से युवाओं के चरित्र निर्माण की आधारशिला रखी।

**********

छियासिवीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चौंपियनशिप 2024 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। प्रदेश के अर्श मोहम्मद और राजस्थान के संस्कार सारस्वत की जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। मिश्रित युगल में प्रदेश के आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा ने स्वर्ण पदक और महिला युगल वर्ग में श्रुति मिश्रा और प्रिया देवी की जोड़ी ने रजत पदक जीता है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जिलों में कल सुबह से रूक रूक कर हुई बारिश से ठंड बढ़ गई है। लखनऊ केंद्र के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। आज से मौसम खुल जाएगा।

***अगले दो दिनों के लिए उसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ है जो प्रदेश में इससे भी स्ट्रांग है और वो सत्ताईस और अट्ठाईस तारीख को प्रदेश में अच्छी बारिश करने की संभावना है जिसका मेन केंद्र जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से उधर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तथा कुछ जगह अभी स्ट्रांग सिस्टम है तो ओले पड़ने की भी संभावना है।***

मौसम विभाग ने आज और कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********